NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 69/NCRES/71/23 Date : 29.3.2023

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय : गाड़ी संख्या 20171 / 20172 वंदे भारत एक्सप्रेस में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के स्टाफ द्वारा कार्य कराया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि गाड़ी संख्या 20171 / 20172 वंदे भारत एक्सप्रेस रानी कमलापति (RKMP) से नई दिल्ली (NDLS) के बीच संचालन के लिये प्रस्तावित है।

अनुरोध है कि उक्त गाड़ी में नई दिल्ली (NDLS) से रानी कमलापति (RKMP) व RKMP - NDLS के मध्य नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के स्टाफ से कार्य कराया जाय क्योकि उक्त गाड़ी बीना से पलवल के बीच 506 KM NCR जोन (आगरा तथा झांसी मण्डल) में तथा सिर्फ 145 KM WCR जोन भोपाल मण्डल में चलेगी। यह भी कि अधिक किमी. NCR जोन में होने के कारण एवं कम स्टाफ का उपयोग कर रेल राजस्व की बचत हेतु उक्त वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे (आगरा / झांसी मण्डल) के क्रू , ट्रेन मैनेजर एवं टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा कार्य किया जाना चाहिये।

अतः NCRES की मांग है कि गाड़ी संख्या 20171 / 20172 वंदे भारत एक्सप्रेस में रानी कमलापति (RKMP) से नई दिल्ली (NDLS) व NDLS - RKMP के मध्य नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के क्रू , ट्रेन मैनेजर एवं टिकट चेकिंग स्टाफ से कार्य कराने हेतु उचित आदेश जारी करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– (1) प्रधान मुख्य विद्युत ईंजीनियर, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(2) प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(3) प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज